राज्यपाल सचिवालय, बिहार
(जन–सम्पर्क शाखा)
राजभवन, पटना–800022

प्रेस–विज्ञप्ति

संख्या–84/2024

राज्यपाल ने स्व० विनोदानन्द झा के जन्म दिवस के अवसर पर उन्हें नमन किया

पटना, 17 अप्रैल, 2024 :– माननीय राज्यपाल श्री राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर ने बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री स्व० विनोदानन्द झा के जन्म दिवस के अवसर पर श्रीकृष्ण स्मारक भवन परिसर, पटना में आयोजित राजकीय समारोह में उनकी तस्वीर पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया तथा भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

इस अवसर पर अन्य लोगों ने भी स्व० विनोदानन्द झा की तस्वीर पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।

समारोह में सूचना एवं जन–सम्पर्क विभाग के कलाकारों द्वारा आरती–पूजन किया गया तथा भजन एवं देशभक्ति गीत प्रस्तुत किए गए। बिहार गीत की भी प्रस्तुति हुई।

....